# सांवरे हाथ मेरा भी थाम ले | By Sunil Sarvottam

सांवरे सांवरे हाथ मेरा भी थाम ले
इस दुनिया से मैं हारा अब तू ही मेरा सहारा
सांवरे सांवरे........

तेरे नाम की महिमा सुन के मैं तेरे दर आया हूँ
हालातो का मारा हूँ मैं जग वालो का सताया हूँ
मुझको सिर्फ भरोसा तेरा टूट ना जाए बाबा
बीच भवर में नैया मेरी डूब न जाए बाबा
डूब ना जाए बाबा आजा अब तो आजा
सांवरे सांवरे........

अगर ना थामा हाथ आपने तो मैं संभल ना पाऊंगा
दुनिया के जंजालो से मैं बाहर निकल ना पाऊंगा
आज मैं हार गया तो बाबा होगी तेरी हार
अपने नाम की लाज बचाने आजा लखदातार
आजा लखदातार कर दे बेडा पार
सांवरे सांवरे........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a5%80-%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a5%87-by-sunil-sa/